भारतीय खिलाड़ी इजराईल के विरुद्ध नहीं खेले क्योंकि उनका पिछला मैच रात्रि 2.00 बजे समाप्त हुआ था और इजराइल के विरुद्ध मैच उसी दिन प्रातः 9.00 बजे शुरू होना था और खिलाड़ी काफी थके हुए थे ।

(ख) जी, नहीं ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

(घ) इजराइली और फिलिस्तीनी खिलाड़ियों ने संयुक्त रूप से विश्व टूर्नामेंट में भाग लिया था । यह जानकारी नहीं है, कि ऐसा भाग लेना पहली बार था ।

(ङ.) इजराइल के विरुद्ध न खेलने का निर्णय भारतीय टेबलटैनिस संघ द्वारा सरकार के बिना किसी निर्देश के लिया गया था ।

**नेपाल में उभरती भारत विरोधी लहर**

1968. **श्री राम जेठमलानी :**

**सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :**

**श्री वी० नारायण सामी**

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 27 मार्च 1989 के टाइम्स आफ इंडिया में "राईजिंग एन्टी इंडिया वेव इन नेपाल" शीर्षक के अन्तर्गत प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां तो उसका ब्यौरा और कारण क्या है ; और

(ग) सरकार द्वारा नेपाल में भारत विरोधी लहर को दबाने के लिये क्या कदम उठाये जा रहे हैं ?

**विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के. नटवर सिंह ):** (क) जी हां ।

(ख) सरकार को ऐसी कोई जानकारी नहीं है कि नेपाल में भारत विरोधी लहर उठ रही है ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

**Recruitment of loaders at the airport**

1969. SHRI SUNIL BASU RAY :

SHRIMATI KANAK MUKHERJEE :

Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state:

(a) what are the modalities of recruiting loaders at the airports by Civil Aviation authorities;

(b) the officers responsible for recruiting loaders of Calcutta airport involved in the luggage theft racket there; and

(c) what action has been taken by Government against the concerned officers?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI SHIVRAJ PATIL): (a) The posts of loaders are filled by direct recruitment from the open market, request for which is sent to the local employment exchanges. SC/ST organisations, etc. are also informed. Before making appointment, the selected candidates are required to submit attestation forms, character certificates from prescribed authorities and other forms. The character and antecedents are also verified from the prescribed authorities before they are confirmed in the service.

(b) and (c) The loaders were recruited as per the laid down procedure, after being interviewed by a duly constituted recruitment board in accordance with the Recruitment and Promotion Rules. Verification